भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1637

जिसका उत्तर दिनांक 27.07.2022 को दिया जाना है

स्पेंट न्यूक्लियर फ्यूल

1637. **श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र से स्पेंट न्यूक्लियर फ्यूल (एसएनएफ) (उपयोग किए जा चुके परमाणु ईंधन) को रूस तक पहुंचाने पर विचार किया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

<u>राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह)</u> :

(क) जी, नहीं।

(ख) भुक्तशेष नाभिकीय ईंधन (एसएनएफ) एक कीमती पुनःचक्रणीय ईंधन है जो अगले चरण के रिएक्टरों हेतु अधिक ईंधन उत्पादन के लिए पुनर्संसाधन किया जा सकता है। भारत भुक्तशेष नाभिकीय ईंधन का पूर्णतया उपयोग करने के लिए पूर्ण ईंधन चक्र का अनुसरण करता है। अतः कूडनकुलम नाभिकीय विद्युत संयंत्रों से प्राप्त भुक्तशेष ईंधन को तब तक भंडारित किए जाने की योजना है जब तक भविष्य में, इसे संरक्षित पुनर्संसाधन सुविधा में पुनर्संसाधन के लिए नहीं ले जाया जाता।

*****